तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 4 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

चार साल पहले जर्जर जेल कॉम्प्लेक्स को डिसमेंटल की दी थी रिपोर्ट, अब तक न टूटा, न कार्रवाई बढ़ी आगे
4



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय पर इन आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान आज कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, आवास आबंटन, जमीन कब्जा, मुआवजा मांग, नक्शा दुरुस्तीकरण, सीमांकन, और विभिन्न आवेदन शामिल थे।

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम पण्डरापाठ निवासी स्व.ननका राम का ढोढ़ी के पानी में डूबने से 26 सितंबर 2023 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र गुड्डू राम एवं पुत्री बिफनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मुख्य वन संरक्षक ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

**जशपुरनगर।** मुख्य वन संरक्षक वेंकटाचलम ने जशपुर जिले के तपकरा, कुनकुरी और पत्थलगांव वन परिक्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों से मानव-हाथी द्वंद की वर्तमान स्थिति, उससे जुड़ी चुनौतियों तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वन संरक्षक ने वन्य जीवों और स्थानीय समुदाय की सुरक्षा दोनों को समान महत्व देने की बात कही। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि त्वरित सूचना प्रणाली और गश्ती दलों की निगरानी को और मजबूत किया जाए ताकि किसी भी संभावित संघर्ष की स्थिति को समय रहते रोका जा सके। भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय फील्ड स्टाफ से उनके कार्यों की जानकारी ली और मानव-हाथी द्वंद से निपटने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि विभागीय टीमों को स्थानीय ग्रामवासियों के साथ समन्वय बढ़ाने और वन्य जीव प्रबंधन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में सतत प्रयास करते रहना चाहिए। इस दौरान वन मंडलाधिकारी जशपुर शशि कुमार, उप वनमंडलाधिकारी कुनकुरी आशीष आर्या एवं परिक्षेत्र अधिकारियों के साथ उपस्थित थे।

### सप्लायर को आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** उड़नदस्ता टीम द्वारा नशे के सौदागरों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच 1 नवम्बर को उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से मिला कि पीजी कॉलेज ग्राउंड में सुरेश वर्मा उर्फ मलगा तथा रवि ठाकुर स्कूटी से नशीला इंजेक्शन सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता उड़नदस्ता टीम के साथ पीजी कॉलेज ग्राउंड में घेराबंदी कर स्कूटी के पास खड़े दो संदिग्ध को पकड़ा। टीम ने सुरेश वर्मा तथा रवि ठाकुर पूछताछ करने के पश्चात स्कूटी की तलाशी ली तो स्कूटी के डिक्की से एक थैले से 50 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। उड़नदस्ता टीम ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत गिरफ्तार किया। वहीं आज मुखबिर की सूचना पर मणिपुर थाना अंतर्गत बहेरापारा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी नरेंद्र तिर्की के कब्जे से 22 लीटर महुआ शराब तथा 200 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया।

## खेती बाड़ी संबंधी कंटेंट को लेकर युवाओं को कर रहा प्रेरित

# गांव का युवक यू-ट्यूब से कमा रहा 25 हजार महीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडरीपानी के पतराटोली निवासी युवक मुकेश चौहान यू-ट्यूब में खेती बाड़ी संबंधी कॉटेंट को लेकर युवाओं को प्रेरित कर हर महीने 25 से 30 हजार रूपए कमा रहा है।

मीडिया से बातचीत में मुकेश ने बताया कि उन्होंने कक्षा दसवीं तक ही पढ़ाई की है। पढ़ाई के बाद घर पर अपने परिवार के साथ खेती बाड़ी का काम करते थे। जहां उनको और उनके परिवार को आजीविका के लिए बड़ी समस्या होती थी। कई बार तो लोगों से उधार लेकर खेती बाड़ी के जरूरत का सामान लेना पड़ रहा था। एक साल पहले एक दिन उसने अपने मोबाइल से वीडियो बना कर पैसे कमाने का कंटेंट देखा और उसी दिन से अपने मोबाइल में वीडियो बना कर एडिटिंग करना शुरू किया। आज उनकी लगन और मेहनत से अच्छी खासी आमदनी हो रही है। उन्होंने बताया कि उनको खेती बाड़ी का अच्छा नॉलेज होने के कारण उन्होंने यह कॉटेंट चुना और खेती-किसानी से जुड़े वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर अच्छी कमाई कर रहा है। ये वीडियो न केवल उनकी प्रतिभा को दिखाता है, बल्कि दूसरों को भी खेती के नए तरीके और तकनीक के बारे में जानकारी मिल जाती है।



मुकेश चौहान घर में लोगों को अपने विडीयो की जानकारी देते हुए।

### किसानों को बताते हैं कृषि से जुड़े फायदे

श्री चौहान ने बताया कि अपनी खेती-किसानी की कला और ज्ञान को किसानों के सामने पेश करने का अवसर मिल रहा है। उनके यू-ट्यूब चैनल में 11500 से अधिक फॉलोवर्स हो चुके हैं। वे फेसबुक और इंस्टाग्राम में भी वीडियो अपलोड करते हैं। वीडियो के माध्यम से जिले के किसानों के घर जाकर नए कृषि तरीकों और तकनीकों के बारे में भी जानकारी देकर दूसरों की मदद कर रहे हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान

श्री चौहान ने बताया कि अपनी कमाई से वे अपने परिवार और समुदाय की आर्थिक स्थिति में सुधार कर रहे हैं। बीते 3 महीनों से जब भी वीडियो अपलोड किया हर बार अच्छी पैसे अपने अकाउंट पर आ रहे हैं। वीडियो में खेती-किसानी के व्यवहारिक पहलुओं बीज चयन, सिंचाई पद्धति, फसल प्रबंधन, औषधि एवं पशु पालन के बारे में बताते हैं। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बन रही है किसानों से जान पहचान भी बढ़ गई है। कृषि क्षेत्र के जानकर होने से डिजिटल माध्यम से किसानों को परामर्श दे रहे हैं। इस तरह गांव का यह युवक न केवल अपनी आजीविका कमा रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के प्रति जागरूकता और नवाचार को भी बढ़ावा दे रहा है। जनपद सदस्य रमेश कुमार यादव एवं हुरदानंद यादव ने युवक के घर पहुंच कर उनके कार्य से प्रेरित होकर इसी प्रकार आगे बढ़ने का निरंतर प्रयासरत रहने को कहा।

# मारपीट से ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नर्सरी के जंगल से जलाने के लिए लकड़ी काटकर लाने की बात को लेकर की गई मारपीट से इंदबल मांझी की इलाज के दौरान मौत हो गई। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामला थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम जोराडोल सुगापारा का है।

- चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस सूत्रों के अनुसार विगत 30 अक्टूबर को थाना पत्थलगांव पुलिस को शासकीय मेडिकल कालेज अंबिकापुर से सूचना मिली थी कि ग्राम जोराडोल निवासी मृतक इंदबल मांझी को इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर लाया गया था। उसके शरीर में लगे चोट के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस पर थाना पत्थलगांव में मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान जब पुलिस द्वारा मृतक इंदबल मांझी की पत्नी सुनोबाई का बयान लिया गया, तब उसने बताया कि 18 अक्टूबर को उसके गांव जोराडोल के ही हृदन उर्फ हिरदन साय, डोमन राम मांझी व अशोक मांझी द्वारा ग्राम जोराडोल की नर्सरी के जंगल से लकड़ी काटकर कर जलाऊ के रूप में उपयोग करने की बात को लेकर उसके पति मृतक इंदबल मांझी के साथ हाथ, मुक्का, लात से मारपीट की गई थी। इसके दूसरे दिन 19 अक्टूबर को गांव के ही नईहर साय मांझी द्वारा भी उसी बात को लेकर मृतक इंदबल मांझी के साथ लाठी से मारपीट की गई थी। इससे उसके पति मृतक इंदबल मांझी को खून की उल्टी हो रही थी, जिसे ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान 20 अक्टूबर को उसके पति इंदबल मांझी की मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी हृदन उर्फ हिरदन साय उम्र 36 वर्ष, डोमन साय मांझी उम्र 33 वर्ष, अशोक मांझी उम्र 35 वर्ष, नईहर साय उम्र 45 वर्ष सभी निवासी ग्राम जोराडोल, सुगापारा थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में हत्या के लिए बी एन एस की धारा 103(1) व 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें हिरासत में लिया गया व उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करने व पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले की कार्यवाही व आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडेय, आरक्षक कमलेश्वर वर्मा, राजेंद्र रात्रे, तुलसी रात्रे, आशीषन टोप्पो व पदुम वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




### आरोपियों को भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

थाना पत्थलगांव क्षेत्र में मारपीट के कारण आई चोट से इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज भेजा है।

-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

## युवाओं के लिए नॉलेज हब साबित हो रही है जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के द्वितीय दिवस भी जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी रही।

- प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा रजत महोत्सव

प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की जानकारी नगरवासियों, ग्रामीणों और हितग्राहियों को दी गई। साथ ही जनमन पत्रिका, सुशासन तिहार 2025 पत्रिका, जशपुर जम्बूरी 2025 और जशपुर किसान कॉल सेंटर की पत्रिका एवं ब्रोशर का वितरण किया गया। बगीचा विकासखंड के ग्राम सन्ना निवासी आकाश भगत ने बताया कि वे वर्तमान में एसएससी सीजीएल परीक्षा की ⏭ शेष पेज 4 पर

## स्वास्थ्य मंत्री के जशपुर प्रवास पर एनएचएम संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जशपुर प्रवास पर एनएचएम संघ जिला जशपुर इकाई द्वारा एनएचएम के अनिश्चितकालीन आंदोलन की कृत कार्यवाही को शून्य करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

संघ द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारियों संघ के आव्हान पर 18 अगस्त से 19 सितंबर 25 तक जशपुर जिले सहित पूरे प्रदेश के लगभग 16000 एनएचएम कर्मचारी अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन आंदोलन पर थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा एनएचएम कर्मचारी संघ की नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों की पूर्ति के संबंध में सार्थक पहल, विभागीय अधिकारियों से चर्चा एवं कुछ मांगों पर सहमति उपरांत उक्त आंदोलन को एनएचएम संघ द्वारा स्थगित कर दिया गया। संघ ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मोदी गारंटी के तहत कर्मचारियों से किए गए नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के वादे को निश्चित समयावधि में पूरा करने के आश्वासन के कारण संघ द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन को स्थगित किया गया है।



**बर्खस्त कर्मियों को बहाल करने की मांगः** स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन मे आंदोलन के दौरान किए गए समस्त कृत कार्यवाही को शून्य करने के साथ ही बर्खास्त किए गए 25 एनएचएम कर्मचारियों को यथाशीघ्र बहाल करने की मांग की गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं एनएचएम कर्मचारी संघ के बीच सार्थक चर्चा हुई। जिसमें स्वास्थ्य मंत्री द्वारा राज्य उत्सव के कार्यक्रम की समाप्ति उपरांत कृत कार्यवाहियों को शून्य करने के साथ ही जिन मांगों पर सहमति बनी है, को पूरा करने की बात कही गई है।

## वन विभाग ने हाथी से प्रभावित परिवारों के परिजनों को दी 25 हजार की सहायता राशि

**जशपुरनगर।** वनमण्डल अन्तर्गत कुनकुरी परिक्षेत्र के गिनाबहार सर्किल के बीट बंदरचुओं के ग्राम डोडापानी में हाथी मानव द्वंद के फलस्वरूप जीवन प्रकाश खलखो पिता नैनसुख खलखों उम्र 45 वर्ष, जाति-उरांव, निवास डोडापानी, तहसील कुनकुरी, जिला जशपुर (छग) की मृत्यु हो गई।

- डोडापानी में हाथी मानव द्वंद में हुई है ग्रामीण की मौत

27 नग हाथियों का दल कांसाबेल परिक्षेत्र से कुनकुरी परिक्षेत्र के बंदरचुआं परिसर के कक्ष कमांक 1065 में विचरणरत था। 1 नवंबर को रात्रि में बंदरचुंआ परिसर के कुनकुरी परिसर के कक्ष कमांक आरएफ 1168 में विचरणरत था। उक्त दल का 1 हाथी बंदरचुआं में ही दल से बिछड़कर विचरणरत तथा 26 हाथी कुनकुरी के लोटापानी परिसर में है। बिछड़ा हुआ 1 हाथी 2 नवंबर को ग्राम डाडपानी में ढोढीबहार, डोडापानी, हर्राडांड मार्ग पर राजस्व क्षेत्र के रोड़ क्रॉस करते समय अचानक डोडापानी निवासी जीवन प्रकाश खलखो पिता नैन सुख खलखो उम्र 45 वर्ष का जंगली हाथी से आमना-सामना होने के कारण हाथी द्वारा कुचलकर मृत कर दिया गया। विगत 6-7 दिनों से अधिकारी कर्मचारी एवं आरआरटी टीम द्वारा लगातार गश्ती कर क्षेत्र में हाथी विचरण की मुनादी किि जाती रही है। उक्त मृत व्यक्ति प्रतिदिन उसी रोड से मवेशी के लिए शाम के समय चारा लेकर घर आता था। इसे भी कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी गई थी परंतु अज्ञानतावश हाथी से आमाना समाना हो गया, जिससे जनहानि की घटना घटित हुई। वन अमला एवं पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। मृतक के पिता नैनसुख खलखों को तात्कालिक सहायता राशि 25000 रूपए प्रदाय किया गया है।

# किसानों ने किसान संघ के बैनर तले दिया धरना

**जशपुरनगर।** धान खरीदी सत्र 2024-25 के पंजीयन कार्य में लगातार तकनीकी गड़बड़ियों से परेशान किसानों ने सोमवार को किसान संघ के बैनर तले तहसील कार्यालय दुलदुला के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना के बाद किसानों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार राहुल कौशिक को सौंपा। किसानों ने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में लॉग इन करते ही सिस्टम बार-बार लॉग आउट हो जाता है, पुराने पंजीकृत किसानों की फोटो नहीं दिख रही है और कई किसानों की गिरदावली में वास्तविक फसल धान की जगह अन्य फसलें दर्ज हो रही हैं। इसके अलावा नेटवर्क फेलियर और सर्वर डाउन के कारण पंजीयन कार्य बार-बार रुक जा रहा है। जिससे किसान प्रतिदिन सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। किसान अरविंद साय ने कहा कि किसान अपने फसल की कटाई छोड़कर सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है। किसानों का कहना है कि नेटवर्क और पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों के चलते अनेक किसान ⏭ शेष पेज 4 पर

- राज्यपाल के नाम प्रभारी तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




### श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर भजन संध्या कल

**अम्बिकापुर।** श्याम मण्डल द्वारा श्याम मंदिर का 29वां स्थापना दिवस 5 नवम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन के साथ ही भजन संध्या होगी। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन कलाकार वर्षा गर्ग, अविअभिषी एवं संजय सेन पूरी रात श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति देंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि स्थापना दिवस पर श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर उन्हें 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा।

## आज की युवा पीढ़ी समाज की कर्णधार : यादव



**जशपुरनगर।** विकासखंड बगीचा मंडल पुरंगा के आश्रित ग्राम गुरम्हाकोना में रविवार को साजिक नियमावली पठन के उपलक्ष्य में ग्रामीण जनों ने सत्यनाराय व्रत कथा का आयोजन किया। इसमें महाकुल यादव समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरएस यादव ने कथा में उपस्थित समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी समाज और गांव के ही नहीं अपितु देश के कर्णधार हैं। महाकुल यादव समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरएस ने प्रदेश सामाजिक नियमावली 2025 महाकुल यादव समाज छत्तीसगढ़ के पाठन के लिए समाज की प्रतिभावान बेटी जो अपने उच्च शिक्षा के लिए बाहर बड़े शहरों में पढ़ाई करते हैं, सुश्री प्रियंका यादव पिता यदुमणि यादव को आमंत्रित किया। इस पर सुश्री प्रियंका यादव के द्वारा सामाजिक नियमवाली को पढ़ा गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आरएस यादव, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य यदुमणी यादव, मंडल उपाध्यक्ष ⏭ शेष पेज 4 पर

- छत्तीसगढ़ नियमावली 2025 का पठन कर सुनी गई सत्यनारायण कथा

### समाज चलता है नियमों से

ग्राम समिति के उपाध्यक्ष भीमो यादव ने नियमावली के विषय को चर्चा में लेते हुए प्रदेश स्तरीय साजिक नियमावली के संबंध में कोडासियां लैलूंगा जिला रायगढ़ में हुई प्रदेश स्तरीय महासभा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार हमारा देश कानून से चलता है उसी प्रकार समाज भी नियमों से चलता है। समाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए सामाजिक नियमावली अति आवश्यक है। ग्राम के वरिष्ठ समाज सेवी रामेश्वर यादव ने अपने उद्बोधन में सामाजिक नियमावली को शत प्रतिशत पालन करने हेतु समाज को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज के मुखिया हमारे हित के लिए निरन्तर अग्रसर है ऐसे में हमें भी समाज हित में बने नियमवली का पूर्णतः पालन कर समाज उत्थान में सहभागिता निभाना होगा। अंत में ग्राम सचिव खगेश्वर यादव ने कहा कि नियमावली की निष्ठा एवं पूरी ईमानदारी से पालन करना आवश्यक है। अंत में भजन कीर्तन किया गया।

## जगन्नाथ मंदिर में किया गया तुलसी विवाह, भंडारा

# देवउठनी एकादशी पर दोकड़ा में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर ग्राम दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में रविवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान दीप प्रज्वलन, तुलसी विवाह सहित अनेक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को भव्यता प्रदान की।

- हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

शाम ढलते ही मंदिर परिसर दीपों की झिलमिल रोशनी से जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और माता तुलसी के विवाह समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगे पुष्पों, तोरणों और दीपमालाओं से सजाया गया था। शाम को मंदिर में भजन-कीर्तन, संकीर्तन का आयोजन किया गया।

ग्राम पुकडेगा के कलाकारों और भजन मंडलियों ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की स्तुति में भक्ति गीत प्रस्तुत किए। "हरे राम हरे कृष्ण और "जय श्री हरि"के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा।



**भंडारा में लिया प्रसादः** धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों और युवाओं ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को सुचारू रूप से प्रसाद वितरण कराया।

**भक्तों ने किया पुण्य स्नान, पूजा-अर्चनाः** सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा-अर्चना करते रहे। महिलाओं ने तुलसी चौरा पर दीप जलाकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान विष्णु के शयन से जागरण दिवस का उत्सव मनाया।

**दिखा धार्मिक एकता वआस्था का संगमः** आयोजन समिति ने बताया कि देव उठनी एकादशी का पर्व धर्म, आस्था और लोक परंपरा का अद्भुत संगम है। इस दिन से विवाह, मांगलिक कार्य और शुभ अवसरों की शुरुआत मानी जाती है। श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में इस वर्ष यह पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

## खबर संक्षेप



### तिवारी कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी

**बलरामपुर।** जिले में देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान तिवारी कॉलोनी में सामूहिक पूजन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सामूहिक पूजन समारोह में तिवारी कॉलोनी में गन्ने का मंडप बनाकर झालर से सजाया गया था। इसके साथ ही माता तुलसी का श्रृंगार किया गया। समाज के लोगों ने भगवान विष्णु के प्रतीक शालिग्राम का माता तुलसी से विधिवत विवाह संपन्न कराया। पूजन के दौरान पुरोहित जितेन्द्र तिवारी ने कथा वाचन किया। इसके साथ ही आरती, हवन पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। देवउठनी एकादशी पर लोगों ने अपने घरों में भी विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही दीप प्रज्वलन किया। नगर में देवउठनी पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर पूनम तिवारी, प्रेमा तिवारी, सौरभ तिवारी, सुमन तिवारी, सुश्री नेहा, कामेश्वर तिवारी, लीलावती, प्रिंस कुमार, पिंकी कुमारी, हेमंत भगत, रक्षा कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

### सड़क पार कर रहे ग्रामीण की बाइक की टक्कर से मौत

**अंबिकापुर।** सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से युवक की मौत हो गई। इस मामले में मर्ग जांच उपरान्त पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक देवेन्द्र कुमार 28 अक्टूबर की देर शाम 8.30 बजे दादूराम के घर से पैदल ही अपने घर जा रहा था। इस दौरान सड़क पार करते समय बाइक क्रमांक सीजी 10 एवाई 9384 के चालक ने ग्रामीण को टक्कर मार दी। इस घटना में देवेन्द्र के सिर में गंभीर चोट आई जिसके बाद उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भरत कराया गया था। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बिश्रामपुर पुलिस ने कोयला ओवलोड ट्राला पर की कार्रवाई



**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के कोयला खदानों से ट्राला टिपरो में खदान प्रबंधन द्वारा ओवर लोड कोयला देकर परिवहन कराने का मामला पुलिस जांच में सामने आया है।बताया गया कि एडिशनल एसपी संतोष महतो हाइवे 43 से गुजर रहे थे तभी उनकी नजर सड़क पर चल रही ओवर लोड ट्राला वाहन पर पड़ी, उन्होंने तत्काल बिश्रामपुर पुलिस को उक्त कोयला लोड वाहन के दस्तावेज की जांच करने और वाहन का तौल कराने के निर्देश दिए,एडिशनल एसपी के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने तत्काल ट्राला क्रमांक सीजी 12 बीजे 2158 को रुकवाकर वाहन की तलाशी ली और उसके पेपर का जांच किया तो ट्राला में निर्धारित क्षमता से करीब बारह टन कोयला ओवर लोड मिला,वजन कराने के बाद वाहन समेत कोयला का वजन 58 टन पाया गया जिसके बाद पुलिस ने उक्त वाहन का दस्तावेज जप्त कर ओवरलोड का मामला बनाया है,बता दें कि उक्त कोयला एसईसीएल बिश्रामपुर के केतकी खदान से करंजी साइडिंग ले जाया जा रहा था, प्राइवेट ट्रांसपोर्ट में जहां ओवर लोड सामान्य बात है,वहीं सरकारी संस्थानों से भी ओवर लोड को लेकर किसी तरह के नियम कायदों का पालन नहीं करने की बाते सामने आ रही है,ओवरलोड से जहां सड़कों पर अधिक दबाव पड़ता है वही यातायात सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती की स्थिति निर्मित होती है।

### मामूली विवाद पर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शादी के रिश्ता आने के बाद छानबीन कर रहे युवक को मना करने के बाद हुए विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम त्रिशूली निवासी 23 वर्षीय अनुप पाल आ. श्रीपाल को लगभग 15 दिन पूर्व झारखंड से शादी के लिए लड़की वाले देखने आए हुए थे। इसके बाद झारखंड से ही युवती के गांव का रुस्त्रेश पाल आ. विनोद पाल लकड़ी के संबंध में छानबीन कर रहा था। ऐसे में अनूप ने सुरेश को फोन कर समझाया था कि शादी उनकी हो रही है और छानबीन काट-छांटकर करना मेरे माता-पिता का काम है तुम बीच में क्यों पड़ रहे है। इसी बात को लेकर सुरेश पाल बुरा मान गया और 29 अक्टूबर की सुबह जब वह अपने दुकान बेलवादामर में था उसी समय सुरेश दुकान में आ गया और झगडा करने लगा। विवाद होता देख आस पास मौजूद लोगों ने समझाईस देकर मामला शांत कराया था। इसके बाद शाम को जब वह सरपंच के पास से वापस लौट रहा था इसी दौरान लम्हर टोला चौक के समीप सुरेश पाल ने पीछे से आकर बांस डंडा से अनुप पाल पर डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान युवक ने गुमटी के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई। मौके पर मौजूद सीताराम सिंह, संतोष सिंह व नान्हू सिंह ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस मामले में युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

## सर्दी-खांसी व बुखार से पीड़ित हो रहे लोग

# मौसम में आए बदलाव से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

मौसम में हो रहे बदलाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। पिछले माह कई दिनों तक हुई भारी बारिश के बाद अब मौसम साफ हो गया था लेकिन अब पुनः बारिश होने के बाद एक बार फिर मौसम बदलने पर बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। अचानक मौसम के बदल जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। हालांकि चिकित्सकों के मुताबिक लोग मौसमी बीमारी से ही पीड़ित है और पूर्व के भांति मरीजों की संख्या है।



ओपीडी में लोगों की भीड़।

बारिश के बाद अचानक मौसम में बदलाव आने से न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य में इसका असर पड़ता है बल्कि मौसमी भी बढ़ गई है। पिछले माह हुई मूसलाधार बारिश के बाद कुछ दिनों तक मौसम साफ था लेकिन पिछले सप्ताह अचानक मौसम के करवट लेने से बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पताल में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। चिकित्सकों के मुताबिक बारिश के बाद अचानक मौसम के बदल जाने तथा गर्मी के साथ उमस बढ़ जाने से के कारण इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पताल में अधिकांश मरीज मौसम के अचानक बदल जाने से सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें सर्दी, जुकाम व बुखार पीड़ितों की संख्या अधिक होती है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार की शिकायत को लेकर जांच कराने आते है। एमसीएच में हर रोज बड़ी संख्या में बीमार बच्चों के पहुंचने लगे है। चिकित्सकों का मानना है कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और मरीज उपचार कराने पहुंच रहे है।

### ग्रामीण कुआं-ढोढ़ी के पानी का करते है उपयोग

ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोग कुआं व ढोढ़ी के पानी का ही पेयजल के लिए उपयोग करते है जिससे लोग सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो जाते है। बारिश के बाद कुआं व ढोढ़ी के पानी के पानी शुद्ध नहीं होते ऐसे में पानी को उबाल कर नहीं पीने से लोग बीमार पड़ सकते है। चिकित्सक भी कुआं व ढोढ़ी के पानी का पेयजल के लिए उपयोग करने से पहले उबाल लेने की सलाह देते है।

### सतर्कता जरूरी

मौसम के बदलने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। खासकर बच्चों में इसका असर अधिक देखने को मिलता है। ऐसे में अब लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतना जरूरी है। अभी जो मरीज अस्पताल पहुंच रहे है वे मौसमी बीमारी से पीड़ित है। मरीजों की संख्या पूर्व की भांति औसत है।

-डॉ. जेके रेलवानी
सिविल सर्जन

## हेलमेट पहनने वाले चालकों को गुलाब देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- साप्ताहिक बाजार में नशे और साइबर अपराध से बचाव की आमजनों को दी गई सीख

रविवार को बिश्रामपुर पुलिस द्वारा रविवारीय बाजार में साइबर ठगी व नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूक किया गया, साथ ही एनएच 43 पर हेलमेट पहने चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया है।

गौरतलब है कि एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति और साइबर जागरूकता को लेकर एक नवीन पहल की। रविवारीय बाजार में बिश्रामपुर पुलिस टीम ने लोगों को यातायात नियमों के पालन, नशे से होने वाले नुकसान और साइबर अपराध से बचाव के बारे में जागरूक किया,कार्यक्रम की शुरुआत बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर ने की,उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि लोग पुलिस को डर से नहीं,विश्वास और सहयोग के भाव से देखें,सड़क पर हेलमेट पहनने वाला व्यक्ति समाज को सुरक्षा का संदेश देता है,इसलिए हम उसे सम्मानित कर रहे हैं,मुख्य मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों में जो हेलमेट पहनकर चल रहे थे,उन्हें पुलिस ने रोककर किसी चालान के



डर से नहीं, बल्कि गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया,साथ ही पुलिस अधिकारियों ने इन हेलमेटधारी नागरिकों से उनके विचार भी सुने,कुछ ने बताया कि वे रोजाना अपने बच्चों के सामने उदाहरण पेश करने के लिए हेलमेट पहनते हैं,जबकि कुछ ने कहा कि यह जीवन रक्षा का कवच है, जिसे अब वे कभी नहीं भूलेंगे। रविवारीय बाजार में पुलिस कर्मियों ने लोगों को बताया कि किस तरह अज्ञात लिंक,क्यूआर कोड या फोन कॉल के जरिए ठगी की जाती है,उन्होंने लोगों से कहा कि बैंक या किसी सरकारी एजेंसी का प्रतिनिधि कभी भी पासवर्ड या ओटीपी नहीं मांगता है,अभियान में नशा मुक्ति का संदेश भी प्रमुख रहा,पुलिस कर्मियों ने युवाओं से सीधी बातचीत कर उन्हें समझाया कि नशा केवल व्यक्ति नहीं,पूरे परिवार और समाज को तबाह करता है। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह,आरक्षक कुंदन सिंह, खेल साय राजवाड़े सक्रिय रहे।

## महामना मालवीय मिशन की कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन के आम सभा की बैठक संगम चौक गौरी भवन में हरिशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व सम्मति से जयप्रकाश चौबे को मिशन का जनरल सेक्रेटरी चुना गया। मिशन की गतिविधियों को सक्रियता प्रदान करने के लिए 1000 आजीवन सदस्य बनाने सहित प्रतिमाह सितम्बर से 100 रूपए कार्पस मनी लिए जाने एवं मिशन के आय व्यय का लेखा संधारण बैंक खाते के माध्यम से संचालित करने नियमित ऑडिट कराने, गीता जयंती और महामना



मालवीय की जयंती पर विशेष आयोजन करने, स्कूल स्तर पर महापुरूषों की जीवनी, निबंध प्रतियोगिता कराने चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया।

मिशन के अध्यक्ष ब्रम्हाशंकर सिंह ने कहा कि मालवीय मिशन द्वारा समाज कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए विगत 14 वर्षों से हर रविवार को गीता पाठ किया जा रहा हैं जिसमें गीता के एक अध्याय का पाठ एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी होती है। पाठ के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। ठंड के कारण प्रति रविवार गीता पाठ शाम 7 बजे के स्थान पर 16 नवम्बर से 6 बजे से होगा। नवीन कार्यकारिणी के सम्मिलन हेतु शीघ्र वनभोज का अयोजन किया जायेगा। बैठक में लौह पुरूष वल्लभ भाई पटेल और स्व.इंदिरा गांधी के अवदानों को याद किया गया। इस दौरान डॉ.वीके सिंह, राजकुमार गुप्ता, रामनारायण शर्मा, रणविजय सिंह तोमर, अशोक कुमार सोनकर, सचिदानंद पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद तिवारी, हरिशंकर सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रकाश कश्यप तथा आभार प्रदर्शन सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने किया।

## गृह सेविकाओं के साथ मनाया सांस्कृतिक आयोजन सेवा किटी समूह की सदस्यों की एक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर की सफाई एवं भोजन बनाने में सहयोग कर रही दीदियों के बिना गृहस्थी का काम पूरा नहीं होता। उनके एक दिन नहीं आने पर सभी को उनकी कमी का अहसास होता है। सेवा किटी हर वर्ष की तरह इस बार भी घर के काम में सहायता करने वाली बहनों के साथ अलंकार ग्रीन्स में दीपावली की खुशियां मनाई। इस दौरान गृहसेविकाओं के साथ सेवा किटी की सदस्यों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता में प्रथम माही द्वितीय सविता, तृतीय रीना, कुर्सी रेस में प्रथम जानकी, द्वितीय मंजू, तृतीय



जयंती रही। कार्यक्रम में मंशा शुक्ला, पूनम दुबे, राजलक्ष्मी पाण्डेय ने दीपावली पर और नीलिमा गोयल ने गृहसेविकाओं के लिए कविता प्रस्तुत की। अंत में विजेताओं को पुरस्कार दिया गया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी गृहसेविकाओं को दीपावली का उपहार प्रदान किया गया। इस दौरान समिति की वंदना दत्ता, संतोष पाण्डेय, जया तिवारी, संजीता स्वर्णकार, अलका मिश्रा, ज्योति द्विवेदी, गायत्री अग्रवाल, नीलिमा मिश्रा, संजीता स्वर्णकार, सत्या दुबे, मधु चौदह, नमिता चावला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी। कार्यक्रम में गृह सेविकाओं ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता दास ने किया। अंत में सभी ने दीप जलाए तथा पटाखे फोड़कर दिवाली की खुशियां मनाई।

## सैनिक स्कूल में सतर्कता सप्ताह के दौरान विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सैनिक स्कूल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। छात्रों और कर्मचारियों में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित जागरूकता सप्ताह में विविध गतिविधियां आयोजित की गयी।

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में कैडेट्स ने रचनात्मकता के माध्यम से भ्रष्टाचार के विरूद्ध सशक्त संदेश दिया वहीं निबंध लेखन में छात्रों ने अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त कर भ्रष्टाचार के दुष्परिणाम और उसके उन्मूलन के उपायों पर



प्रकाश डाला प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की सतर्कता संबंधी जानकारी को परखा गया, वहीं भ्रष्टाचार रोके विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में कैडेट्स ने तर्कपूर्ण विचारों का आदान-प्रदान किया। स्टाफ के लिए आयोजित सतर्कता जागरूकता व्याख्यान में शिवेश राय ने सतर्कता के महत्व और भ्रष्टाचार से लड़ने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। सतर्कता सप्ताह का विशेष आकर्षण ग्राम मेंड्राकला में कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा जिसमें उन्होंने जनसामान्य को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक करने का प्रयास किया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को ईमानदारी और पारदर्शिता के महत्व से अवगत कराया गया। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने बताया कि आयोजन न केवल छात्रों में नैतिक मूल्यों की स्थापना हेतु एक सार्थक प्रयास था, बल्कि समाज में भ्रष्टाचार के विरूद्ध जन-जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक प्रभावशाली कदम सिद्ध हुआ।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** मारपीट करने तथा पीड़ित की मौत हो जाने के मामले में द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार तिवारी ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद दुबे ने बताया कि घटना सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम रजखेता जामपहाड़ की है। रजखेता जामपहाड़ निवासी फकली कोरवा उर्फ रतिराम कोरवा घटना दिनांक 18 जुलाई 2024 को सोयायटी चावल लेने गया था। इसी बीच दूसरे दिन जामपहाड़ निवासी फकली कोरवा का शव ग्राम रजखेता पतरापारा जामपहाड जाने का रास्ते मे मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराया। 28 जुलाई को पुलिस को मृतक का पीएम रिपोर्ट मिला। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु की प्रकृति होमिसायडल होना लेख किया गया है, मर्ग जांच पर पाया गया कि दिनांक 18 जुलाई 2024 को सुबह मृतक फकली कोरवा ऊर्फ रतिराम कोरवा, कुमारी सुमन्ती कोरवा के साथ जामपहाड से रजखेता सोसायटी का चावल लेने गए थे, साथ में बिहानु कोरवा भी सोसायटी से चांवल लेने गया था। शाम को वापस घर जाते समय बिहानु कोरवा द्वारा फकली ऊर्फ रतिराम कोरवा को डंडा से मारपीट करने से शरीर में आई चोंट के कारण मृत्यु होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी बिहानु कोरवा के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस का अपराध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रकरण की सारे तथ्यों की सुनवाई और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार तिवारी ने आरोपी बिहानु कोरवा को हत्या के मामले में दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।




## छग स्थापना की रजत जयंती पर सरगुजा में 10 हजार 1 हितग्राही को मिला आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सामूहिक रूप से कराया गया गृह प्रवेश, सीईओ ने सौंपी आवास की चाबी

शनिवार को राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश के साथ ही सरगुजा के पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सौगात मिली है। छग स्थापना के रजत जयंती पर पीएम आवास योजना के 10 हजार 1 हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला सीईओ ने हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपने के साथ ही गृह प्रवेश कराया। गृह प्रवेश के दौरान आवासों को रंगोली और फूलों से सजाया गया था इसके साथ ही दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

बता दें कि छग राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेशभर के पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को सामूहिक रूप से गृह प्रवेश कराया गया है। इसी कड़ी में सरगुजा जिले में योजना के तहत 10 हजार 1 हितग्राही लाभान्वित हुए। आंकड़ों के अनुसार सरगुजा जिले के अंबिकापुर जनपद क्षेत्र में 2126, बतौली में 1082, लखनपुर में 2219, लुण्ड्रा में 1174, मैनपाट में 993, सीतापुर में 1165 तथा उदयपुर में 1242 ग्रामीण परिवारों ने अपने नए घरों में गृह प्रवेश किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल द्वारा जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत कोरिमा में हितग्राही गोविंदा कोरवा एवं ग्राम पंचायत पटोरा में हितग्राही श्रीमती संकुती के नवीन आवास का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने पारंपरिक विधि-विधान से दीप प्रज्ज्वलन, रंगोली और साज-सज्जा के साथ नए घर में प्रवेश किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को आभार पत्र एवं "खुशियों की चाबी" भेंट की गई।

## शासकीय कन्या विद्यालय में बहुभाषा एमएलई का जिला स्तरीय प्रशिक्षण


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में सूरजपुर जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अधिक से अधिक स्थानीय एवं बच्चों के घर की भाषा का प्रयोग करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के तत्वाधान में बहुभाषा एमएलई का जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण दो चरणों में हुआ। प्रथम चरण में 28 एवं 29 अक्टूबर को विकासखंड प्रतापपुर,प्रेमनगर और ओड़गी तथा द्वितीय चरण में 30 व 31 अक्टूबर को आयोजित प्रशिक्षण में विकासखंड सूरजपुर, रामानुजनगर एवं भैयाथान के सभी संकुल समन्वयक तथा प्रत्येक संकुल से कक्षा एक व दो में अध्यापन कराने वाले एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान रखने वाले एक-एक शिक्षक शामिल हुए।

राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स शिवशंकर सोनी, शशिकांत यादव, शांतनु पांडेय, राजकुमार साहू,ऋषि पांडेय, अर्चना साहू, सुनील चक्रधारी, प्रतीक



जायसवाल, दीपक कुमार तिर्की, जयेंद्र प्रताप राजवाड़े और राघवेंद्र नाथ दुबे द्वारा 480 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बहु भाषा शिक्षण के प्रथम चरण में विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने अपने उद्बोधन में स्थानीय बोली के संबंध में प्रशिक्षणर्थियों को विस्तार से बताते हुए छोटे बच्चों को उसके मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने के संबंध में आज की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बहुभाषी शिक्षा एक प्रभावी शिक्षा शास्त्र है, जो छात्रों को उनकी मातृभाषा में ज्ञान और कौशल प्राप्त करने में मदद करता है और धीरे-धीरे उन्हें अन्य भाषाओं में भी निपुण बनाता है,यहां पर जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, सहायक परियोजना अधिकारी शोभनाथ चौबे ने भी बहुभाषा शिक्षण के संबंध में सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों को उनकी मातृभाषा में अध्यापन कराए जाने पर विशेष बल दिया।द्वितीय चरण में समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अक्सर देखा जाता है कि कक्षाओं में शिक्षक की भाषा को विद्यार्थी और विद्यार्थी के भाषा को शिक्षक नहीं समझ पा रहे हैं। इसी कमी को दूर करने के लिए इस प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ी है। यह शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास में मदद करता है, जिससे वे अधिक प्रभावी ढंग से एक से अधिक भाषाओं में महारत हासिल कर सकते हैं।बहुभाषी शिक्षा बच्चों के संज्ञानात्मक विकास, बेहतर स्मृति और याद रखने की क्षमता को बढ़ाती है। यह छात्रों को उनकी अपनी मातृभाषा और संस्कृति से जोड़ता है। साथ ही अन्य भाषाओं और संस्कृतियों को समझने में भी मदद करता है,उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे बच्चों से कक्षा में उनके स्थानीय भाषा के माध्यम से अधिक से अधिक जुड़ने का प्रयास करें ताकि बच्चे निःसंकोच अपनी समस्या शिक्षक को बता सकें और शिक्षक के माध्यम से उसे दूर किया जा सके,कार्यक्रम के दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को एकता की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राचार्य हर्ष नारायण शर्मा, बिश्रामपुर संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय, सहदेव रवि, धर्मानंद गोजे,बलराम ठाकुर,सुदर्शन सिंह,ईश्वर राम, सुबेचंद प्रजापति व अन्य सक्रिय रहे।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

## लाइफ Style



# कियारा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

कियारा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी' का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग' का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



**पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा**

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन' इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ' में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ' बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप



### गौरा-गौरी पूजन और विसर्जन का आयोजन

**बिलाईगढ़।** नगर बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 7, पुराना मंगल बाजार में श्रद्धा और उत्साह के साथ पारंपरिक गौरा गौरी पूजन का आयोजन किया गया। नगरवासी पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे भजन कीर्तन, लोकगीत, डोल नगाड़े और मांदर की थाप पर झूमते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

### खनिज और पुलिस चौकी का भगवान मालिक

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्रदेश का अंतिम ग्राम बडमाल रेंगालपाली में स्थापित खनिज एवं पुलिस चौकी बेकार हैं। बीते दिन अवैध धान आवक को रोकने के लिए लगा बेरियर के पड़ताल में सामने आया कि पुलिस चौकी में जूटमिल थाने का कोई कर्मचारी नहीं था। खनिज चौकी का एक आरक्षक एवं एक सहायक के साथ 5 आबकारी वाले मिले जो कलेक्टर दर पर काम कर रहे हैं। ये लोग सारंगढ क्षेत्र के हैं, जिनकी मॉनिटरिंग आबकारी इंस्पेक्टर द्वारा की जाती है जो कभी कभी यहां आते हैं। सूत्रों के मुताबिक उक्त बार्डर पर एक बड़ी कंपनी चल रही है जहां सुबह शाम काफी भीड़ रहती है। इस बीच कई बार विवाद की स्थिति बनी जहां शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल की जरूरत महसूस की जा रही थी लेकिन चौकी में कोई नहीं रहने से विवाद की स्थिति निमिर्त हो रही है। इसी तरह आबकारी का भी यही हाल है, यहां सें बेधड़क मादक द्रव्य पार हो रहा है।

### स्टेशन गांजा कांड पर सीबीआई जांच की मांग

**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे स्टेशन पर 117 किलो गांजा बरामद होने के बाद भी किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी न होने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने नाराजगी जताई है। यह घटना रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गम्भीर प्रश्नचिह्न लगाती है। दस दिनों के भीतर दो बड़े गांजा खेपों की बरामदगी यह संकेत देती है कि स्टेशन परिसर में संगठित तस्करी नेटवर्क सक्रिय है। पार्टी ने आरोप लगाया कि 24 घंटे बीतने के बाद भी न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई न किसी बुकी या कर्मचारी की भूमिका स्पष्ट की गई जो बड़े रैकेट की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### मुंडाजोर हाथी के हमले से बुजुर्ग की मौत

**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला से सटे ग्रामीण इलाकों में हाथी मानव संघर्ष लगातार भयावह रूप लेता जा रहा है। लाठीकटा थाना अंतर्गत मुंडाजोर पंचायत में एक बार फिर हाथी के हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई। मृतक की पहचान रूपन समासी 63 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात देर में रूपन समासी पर एक अकेले दंतेल हाथी ने हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां आज सुबह उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि 26 सितंबर को भी इसी क्षेत्र में हाथी के हमले में एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई थी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वही दंतैल हाथी अब फिर से क्षेत्र में आतंक मचा रहा है।

### पुलिस ने किया अवैध पटाखा जब्त

**राउरकेला।** दीपावली समाप्त हो जाने के बाद भी कुछ लोग अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखे अपने घरों में संग्रहित कर रखे हैं। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए बंडामुंडा थाना पुलिस ने डीजल कॉलोनी स्थित रेलवे मार्केट क्षेत्र में छापेमारी कर एक घर से तीन क्विंटल से अधिक अवैध पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस ने इस मामले में चिन्ना पात्र नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार आरोपी त्योहारों के मौसम में इन पटाखों की अवैध बिक्री करने की योजना बना रहा था। पुलिस का कहना है कि ऐसे विस्फोटक पदार्थों का घर में भंडारण अत्यंत खतरनाक है और इसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### किराया जमा करने निगम बना रहा है दबाव, चार दुकानें सील, कई बार हो चुका है हादसा

# चार साल पहले जर्जर जेल कॉम्प्लेक्स को डिसमेंटल की दी थी रिपोर्ट, अब तक न टूटा, न कार्रवाई बढ़ी आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जेल कॉम्प्लेक्स पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। कंसल्टिंग एजेंसी ने इसे डिसमेंटल करने का रिपोर्ट दिया था, लेकिन अब तक न तो तोड़ा गया है और न ही कोई कार्रवाई आगे बढ़ी। हालात यह है कि यह कॉम्पलेक्स कब टूट कर गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। दूसरी ओर यहां के दुकानदारों को नगर निगम किराया के लिए अब दबाव बनाने लगा है। साथ ही चार दुकानों को सील भी किया गया है। यह दुकानें नीचे में संचालित है। उपर तो पूरी तरह से जर्जर है।

**खास बातें**

- अभी प्रपोजल भेजने की सामने आ रही है बात

जेल कॉम्प्लेक्स की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। निर्माण के कुछ साल बाद से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगा था। वर्तमान में यहां दुकानों का छत गिरने लगा है। प्रथम तल में पूरा छज्जा गिर जाने से खुला आसमान नजर आ रहा है और यहां चलने तक की जगह नहीं है। निगम प्रशासन ने सुविधा के नाम पर दुकानदारों के लिए कोई व्यवस्था भी नहीं की है। दुकानदारों के लिए यहां पानी पीने तक की व्यवस्था नहीं है और कॉम्प्लेक्स में शौचालय भी नहीं बनाया गया है। कई दुकानदार तो ऐसे हैं, जिन्होंने यहां की अव्यवस्था को देखते हुए आवंटन के बाद से ही दुकान नहीं खोली है। इधर दुकानों का किराया जमा नहीं करने से निगम सख्ती बरत रहा है। कुछ दिनों पहले ही नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने वाले यहां की चार दुकानों को सील किया गया है।



जेल कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार के लिए शासन को प्रपोजल बना कर भेजा गया है, अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। जैसे ही एप्रूवल मिलता है, उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

बृजेश सिंह क्षत्रिय,
आयुक्त, नगर निगम

#### अव्यवस्था ऐसी कि किराए पर भी नहीं ले रहा कोई



दुकानदारों ने बताया कि इस मार्ग में चलने वाले वाहनों की वजह से दुकानों में धूल की परत जमी रहती है। जिससे दुकानदारों सहित यहां आने वाले ग्राहकों को सांस लेने में भी परेशानी होती है। निगम द्वारा यहां कभी पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता। वहीं कॉम्प्लेक्स में कचरों का ढेर पड़ा रहता है, लेकिन कभी भी निगम से कोई सफाई कर्मचारी यहां साफ-सफाई करने नहीं पहुंचता। कई दुकानदारों ने अपनी दुकान को किराए पर देने के लिए शटर के बाहर पॉम्प्लेट चस्पा करवाया, लेकिन किसी ने आज तक उनसे संपर्क नहीं किया। क्योंकि जर्जर अवस्था और अव्यवस्था के कारण कोई यहा दुकान लेना ही नहीं चाहता।

#### कॉम्पलेक्स को ढहा कर नए सिरे से बनाना होगा

24 जून 2022 को तात्कालीन कमिश्नर ने इस कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार को लेकर भिलाई की राजहंश कंसल्टेंट एंड टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को प्राक्कलन बनाने कहा था। तब कंपनी के वरिष्ठ अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर बताया था कि इस कॉम्प्लेक्स का मरम्मत करना संभव नहीं है। जिससे इस कॉम्प्लेक्स को तोड़ने की सलाह दी थी। ऐसे में निगम द्वारा इस कॉम्प्लेक्स को तोड़कर दोबारा निर्माण करने प्रपोजल शासन को भेजा है। अब तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली है।

#### जान-माल की किसी को नहीं कोई चिंता

कंपनी द्वारा यह रिपोर्ट निगम को 5 जुलाई 2022 को सौंपा गया था। इस बात को करीब चार साल बीत गया, लेकिन आज पर्यंत तक शहर सरकार यह तय नहीं कर पाई है कि आखिर इस कॉम्प्लेक्स के साथ करना क्या है। किराए पर लेकर चलाने वालों और यहां आने वालों के जान-माल की कोई फिक्र नहीं है। यही कारण है कि इस गंभीर मुद्दे पर अब तक निर्णय नहीं लिया जा सका है।

## समाज विशेष पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग



**घरघोड़ा।** भीम आर्मी ने समाज के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कलेक्टर, एसपी समेत अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। इसके लिए संगठन ज्ञापन सौंपा है।

भीम आर्मी ने अपने ज्ञापन में कहा है कि आपत्तिजनक कथन से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की भावना आहत हुई है। संगठन ने संबंधित व्यक्ति पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। इसे समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश करार दिया है। भीम आर्मी के भरत खंडेल पूर्व ब्लाक अध्यक्ष घरघोड़ा के द्वारा सामूहिक रूप से मांग की है कि अनुसूचित जाति के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रशासन सख्त कदम उठाए। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा, जिला कलेक्टर रायगढ़, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ एवं आगाज थाना घरघोड़ा को प्रेषित किया गया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान भीम आर्मी के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संगठन ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों की रक्षा और समानता के अधिकार की सुरक्षा के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी।

### स्व.महेन्द्र साव स्मृति क्रिकेट स्पर्धा का आगाज

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम छिछोर उमरिया में सालों से यहां के सभ्रान्त परिवार से ताल्लुक रखने वाले तथा प्रदेश सचिव संघ के अध्यक्ष रहे स्व महेन्द्र साव के स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता है।



आयोजन का उद्देश्य क्षेत्रीय खेल प्रतिभा को उजागर करना साथ ही आपसी समरसता बनाए रखना है। इसलिए हर साल स्व.महेन्द्र साव के परिवार जन इसका आयोजन कराते हैं। स्व. महेन्द्र साव की पत्नी रामेश्वरी साव बीते पंचायत निर्वाचन में छिछोर उमरिया के सरपंच निर्वाचित हुई है। ज्ञात हो कि आगामी 7 से 16 नवम्बर तक यहां क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन होगा।

## कई वार्डों के खंभे में बल्ब नहीं, साफ पानी के लिए भी तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 5 के 7 खम्हों में बल्ब नहीं लगा है। नगर के अन्य कई वार्डे के खंभों में भी इसी तरह की समस्या है। पुसौर के जनजागरण मंच द्वारा पुसौर नगर पंचायत को गरीब नगर पंचायत की संज्ञा दी जा रही है। पुसौर की जनसंख्या के आधार पर उपलब्ध नलकुप व पानी टंकी 5 गुना है, इसके बाद भी साफ पानी नहीं मिल पा रही है।

बताया जाता है कि स्वच्छ पेय जल के लिए नगर पंचायत में कुछ साल पहले वाटर एटीएम लगाया गया था, जिसकी लागत लगभग 9 लाख रुपए थी जो मुश्किल से 2 साल ही चला उसके बाद खराब हो गया। उसके भुगतान को लेकर अब दो ठेकेदारों के बीच विवाद भी चल रहा है। वर्तमान समय में वाटर एटीएम की उपयोगिता को देखते हुए कंसेरा भवन के पास भी एक वाटर एटीएम स्थापित करने की कवायद की गई थी जो चलने से पहले ही बंद हो गई। ऐसे में सेवा सुविधा और विकास का दुहाई देने वाला नगरी निकाय केवल कागजों तक ही समित है धरातल में नहीं। अब नगरवासी नगर पंचायत के स्थापना से अब तक विकास कार्यो की जांच कराने की मांग कर रहे हैं। चूंकि निकाय प्रकाश कर, मकान कर, जल कर जमा नहीं होने पर व्याज सहित पैसा लेती है।




## रजत जयंती के अवसर पर सैकड़ों हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



**कोसीर।** रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को पीएम आवास के सैकड़ों हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सारंगढ़ विलाईगढ़ जिले के हितग्राहियों को चाबी सौंपी गई। प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह आयोजन उत्सव की तरह मनाया गया। कोसीर, सिघनपुर, बटाउपाली, भाठागाव, सिलियारी, कपिस्दा सहित सभी ग्राम पंचायत में काफी उत्साह नजर आया। वही ग्राम पंचायत सिघनपुर के सरपंच ममता हिजया आनंद ने पूरी उत्साह के साथ अगुवाई करते हुए गरीब परिवार को गृह प्रवेश करा कर गरीबों का सपना साकार किया।

## प्रकाश पर्व पर नगर में निकली गुरु सिंह सभा की शोभायात्रा

**राउरकेला।** सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को राउरकेला में गुरु सिंह सभा की ओर से एक भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा दोपहर रेलवे स्टेशन के निकट गुरु नानक स्कूल परिसर से प्रारंभ हुई और मधुसूदन मार्ग, रिंग रोड, उदितनगर अंबेडकर चौक होते हुए मुख्य मार्ग से गुजरकर पुनः रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारा में संपन्न हुई।

इस शोभायात्रा में गुरुनानक खालसा स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, गुरु तेग बहादुर स्कूल के बच्चो के साथ स्कूल के स्काउट गाइड्स के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। शोभायात्रा के अग्रभाग में पंच परमेश्वर के रूप में सिख समाज के पांच श्रद्धालु पवित्र झंडा लेकर चल रहे थे। उनके आगे सिख समुदाय के पुरुष व महिलाएं मार्ग को झाड़ू लगाकर साफ करते हुए और फूल बरसाते हुए चल रहे थे। गुरु ग्रंथ साहिब का पवित्र स्वरूप सजाए गए विशेष टेलर पर विराजमान था, जहां श्रद्धालु नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। शोभायात्रा में युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक खेलों एवं गता कला प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।



## शासकीय योजनाओं का किया जा रहा प्रचार-प्रसार



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। नगर बिलाईगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कला जत्था द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत नाटक और लोकनृत्य के जरिए शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 आंगनवाड़ी केंद्र के पास आयोजित प्रस्तुति में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक से संबंधित योजनाओं एवं अन्य जनहितकारी योजनाओं के लाभों की जानकारी दी गई। कला जत्था के कलाकारों ने मनोरंजक और शिक्षाप्रद शैली में संदेश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुँचना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति उत्साहजनक रही।

## पेज 1 का शेष

### युवाओं के लिए ...

तैयारी कर रहे हैं। शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई पत्रिकाएं जैसे जनमन और सुशासन तिहार 2025 उनके लिए उपयोगी सिद्ध हो रही हैं, क्योंकि इनमें योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी आंकड़ों सहित मिलती है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक है। कुनकुरी से आए ग्रामीण लिबनुस खाखा ने कहा कि "इस प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिल जाती है, जिससे हमें योजनाओं का लाभ समझने और लेने में आसानी होती है।"जनसंपर्क विभाग की यह प्रदर्शनी न केवल शासन की योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार कर रही है, बल्कि युवाओं और ग्रामीणों में जानकारी और जागरूकता बढ़ाने का माध्यम भी बन रही है।

### किसानों ने किसान ...

पंजीयन से वंचित रह गए हैं। उन्होंने सरकार से एग्रीस्टेक और गिरदावली पोर्टल की खराबियों को दूर करने और पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग की। धरना के बाद प्रभारी तहसीलदार राहुल कौशिक ने किसानों से चर्चा कर बताया कि किसानों द्वारा 8 बिंदुओं में लिखित ज्ञापन सौंपा गया है। सभी बिंदुओं पर सुधार कार्य समय पर किए जा रहे हैं। नए किसानों का पंजीयन भी चल रहा है। केवल लिंक डिस्टर्ब रहने से असुविधा हुई थी, जिसे ठीक किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि किसानों को जानकारी के अभाव में भी परेशानी हो रही है, क्योंकि तीन अलग-अलग पोर्टलों पर डाटा का मिलान और सत्यापन किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया में थोड़ा समय लग रहा है। किसान संघ के बैनर तले हुए इस धरना में शकील खान, लवकुश कुमार, दीपक कुमार, भोपालल, अरविंद साय, दिलीप सिंह, अजय राम, रमेश सिंह, श्रीमती चंद्रप्रभा, आंतो राम, रवि राम, नर्सिंग सागर यादव, अजय दान बरला, राकेश कुमार भगत, सुदर्शन यादव, श्रीमती रौशनी कुजूर, कृष्णा राम सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

### आज की युवा पीढ़ी ...

तुड़ेश्वर यादव, मंडल सहकोषाध्यक्ष त्रिलोचन यादव, मंडल सचिव विपिन कुमार यादव, ग्राम समिति के उपाध्यक्ष भीमों यादव, सचिव खगेश्वर यादव, महामंत्री मधुसूदन यादव, कोषाध्यक्ष जयंत यादव, कार्यालय प्रभारी देवराज यादव, परमानंद यादव, वरिष्ठ समाज सेवी सहदेव राम यादव पटेल, रामेश्वर यादव, भुनेश्वर यादव, जोगेंद्र, दिनेश यादव रेंगले, टीमेश्वर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में महाकुल यादव समाज के समाज सेवी बंधु, मातृशक्ति एवं युवा साथी उपस्थित रहे।



